जागरण

# नकली शराब की फैक्ट्री ध्वस्त, दो गिरफ्तार

Publish Date:Wed, 05 Jun 2019 06:39 AM (IST)



बोकारो : सेक्टर बारह थाना इलाके के सतनपुर बागती टोला में गांववालों के सहयोग से पुलिस नकली शराब बनाने की एक मिनी फैक्ट्री को ध्वस्त करने में कामयाब रही। मौके से ग्रामीणों ने दो धंधेबाजों को भी दबोच कर पुलिस के हवाले किया। दबोचे गए धंधेबाजों का नाम जोशी कॉलोनी लकड़ाखंदा निवासी विनोद सिंह और संतोष झा बताया गया।

दोनों की निशानदेही पर पुलिस ने भारी मात्रा में नकली तैयार शराब व शराब बनाने का सामान बरामद किया। यह जानकारी सेक्टर बारह थाना में सिटी डीएसपी ज्ञान रंजन ने दी। उन्होंने बताया कि सतनपुर गांव के बागती टोला में एक मारुति कार में नकली शराब दो लोग रखकर सोमवार की रात जाने की तैयारी में थे तभी गांव वालों ने इन्हें घेर लिया। सेक्टर बारह थाने के सहायक अवर निरीक्षक वाल्मिकी पाठक को यह सूचना मिली कि 50-60 की संख्या में ग्रामीण नकली शराब के साथ दो लोगों को घेरकर रखे हुए हैं। यहां पर जब पुलिस पहुंची तो विनोद और संतोष को गांववालों ने पुलिस के हवाले कर दिया। दोनों से जब पूछताछ शुरू हुई तो इनलोगों ने बताया कि ये लोग बिहार के वैशाली जिले के राघोपुर मिरनपुर निवासी सुभाष यादव, तुपकाडीह जरीडीह बोकारो निवासी राजू साव, वैशाली निवासी रंजीत कुमार के साथ मिलकर नकली शराब तैयार करते थे। तैयार शराब को बिहार के अलग-अलग इलाकों में खपाने के भेज दिया जाता था। जिस मारुति कार (जेएच09ए-7591) को पुलिस ने जब्त किया उसके बारे में भी इनलोगों ने बताया कि यह कार योगेन्द्र प्रसाद की है। डीएसपी ने बताया कि पूरे गिरोह में शामिल अन्य धंधेबाजों को दबोचने के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। बहुत जल्द इन्हें भी पुलिस दबोच लेगी। कहा कि इस धंधे के अंतिम कड़ी तक पुलिस पहुंचेगी।

पुरानी बोतल पर नकली रैपर लगाकर भरते थे शराब

डीएसपी ने बताया कि मौके से शराब की कई पुरानी बोलते मिली हैं। देखने से स्पष्ट हो रहा है कि कबाड़ी से पुरानी बोतलों को धंधेबाज खरीदकर लाते थे और इसपर नकली रैपर लगाकर बाजार में बेचने के लिए भेज देते थे। इसपर झारखंड सरकार का फर्जी मोनोग्राम वाला स्टीकर भी यह लोग लगा देते थे। शराब की बोतल असली लगे इसके लिए यह गिरोह हर उपाय करता था।

Posted By: **Jagran**

Source: https://www.jagran.com/jharkhand/bokaro-wine-seized-19285171.html